# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 02.06.2026 को अपरान्ह 11.30 बजे सम्पन्न 37वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>मा0 कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय**<br>मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | **डा0 एम0के0एस0 सुन्दरम**<br>प्रमुख सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | **प्रो0 योगेश एम0 जोशी**<br>आचार्य, केमिकल इंजी0 विभाग,<br>आई0आई0टी0, कानपुर<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | **श्रीमती यज्ञेश सिंह**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 6. | **प्रो0 एस0पी0 चौरसिया**<br>एम0एन0आई0टी0,<br>जयपुर | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | **श्री यादवेन्द्र सिंह**<br>मैनेजिंग डायरेक्टर, ग्रोमोर इण्टरनेशनल लि0<br>कानपुर | सदस्य |
| 8. | **प्रो0 एस0के0 सिंह**<br>आचार्य,<br>दिल्ली टेक्निकल युनिवर्सिटी<br>दिल्ली। | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 9. | **प्रो0 डी0 परमार**<br>प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | **श्री एस0के0 कटियार**<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | **प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक**<br>अधिष्ठाता, शैक्षिक कियाकलाप<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 12. | **डा0 अमित कुमार राठौर**<br>सह अधिष्ठाता, शैक्षिक कियाकलाप<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 13. | **प्रो0 राजेश वर्मा**<br>अधिष्ठाता, शोध एवं विकास<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 14. | **श्री अमित कुमार राठौर**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |

बैठक में निम्नोक्त उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **प्रो0 शेखर वर्मा**<br>आई0आई0आई0टी0,प्रयागराज<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज के नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 2 | **प्रो0 अनिरूद्ध भालचन्द्र पंडित**<br>मा0 कुलपति<br>रसायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई<br>नियर खालसा कालेज, माटुंगा ईस्ट, मुम्बई–400019<br>(अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 3 | **डा0 राजेश प्रकाश**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य |
| 4 | **श्री नवनीत घिडिया**<br>एम0डी0 ईवा एक्जोटिका प्राईवेट लिमिटेड,<br>कोलकता | सदस्य |

मा0 अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा बैठक में ऑनलाईन/ऑफलाईन प्रतिभाग करने वाले समस्त सदस्यों का बैठक में स्वागत किया गया। स्वागतोपरान्त कार्यपरिषद की विगत में सम्पन्न 36वीं बैठक दिनांक 30/01/2026 के उपरान्त विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से मा0 सदस्यों को अवगत कराने के क्रम में मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा हर्ष के साथ अवगत कराया गया कि आई0आई0आर0एफ0 रैंकिंग में विश्वविद्यालय को प्रदेश

स्तर पर आई0आई0टी0 कानपुर एवं आई0आई0टी0 बी0एच0यू0 के बाद 3rd रैंक प्राप्त हुई है तथा देश स्तर पर इंजीनियरिंग कैटेगरी में 19th रैंक प्राप्त हुई है। इस सफलता हेतु मा0 कुलपति महोदय ने कार्य परिषद् के सम्मानित सदस्यों को नीति निर्धारण एवं कार्यान्वयन के लिये उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया। मा0 कुलपति महोदय द्वारा माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदया एवं मा0 मंत्री प्राविधिक शिक्षा को उनके सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग हेतु ह्रदय से आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद दिया गया। विश्वविद्यालय को प्राप्त इस सफलता हेतु मा0 कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति, अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों को उनके सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। तद्पश्चात मा0 कुलपति महोदय द्वारा कार्य परिषद् की विगत एवं वर्तमान बैठक के मध्य सम्पन्न निम्नलिखित विश्वविद्यालय शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों से अवगत कराया गया कि वर्तमान शैक्षिक सत्र निर्धारित ऐकेडमिक कलेण्डर के अनुसार तय समय से चल रहा है एवं इण्ड सेमेस्टर परीक्षायें वर्तमान में सम्पन्न हो चुकी हैं। 05 विद्याओं CS, ME, ET, FT, PL को एन0बी0ए0 नई दिल्ली से प्रत्यायनित कराये जाने के सापेक्ष 04 विधाओं CS, ME, FT, PL हेतु 03 वर्ष का प्रत्यायन एन0बी0ए0 नई दिल्ली से हो गया है, जबकि ET का प्रत्यायन छात्र शिक्षक अनुपात के मानक विचलन के कारण नहीं हो सका। शिक्षक पदों के सृजन सम्बन्धी प्रस्ताव शासन स्तर पर लम्बित है, उम्मीद है जल्द ही अनुमोदन आ जायेगा। विश्वविद्यालय की BE, PT, OT विधा के एक्रीडिटेशन हेतु एन0बी0ए0 नई दिल्ली की टीम द्वारा परीक्षण सह भ्रमण शीघ्र ही किया जाना है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रमों के प्रवेश प्रकिया चल रही है। इसी कडी में अवगत कराना है कि अभ्यर्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान हेतु AI Chatbot HBTU Mitra कियाशील है। इसी कडी में परिषद् को संज्ञानित कराना है कि प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण में बी0टेक0 हेतु 1877 अभ्यर्थियों, एम0बी0ए0 हेतु 111 अभ्यर्थियों, बी0एस0एम0एस0 हेतु 161 अभ्यर्थियों, एम0एस0सी0 हेतु 72 अभ्यर्थियों, एम0टेक0 130 अभ्यर्थियों, पी0एच0डी0 175 अभ्यर्थियों द्वारा शुल्क जमा कर अद्यतन पंजीकरण कराया गया है तथापि बी0बी0ए0 एवं एम0सी0ए0 हेतु अर्हकारी परीक्षा परिणाम आने के साथ ही प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी

जायेगी, इस प्रकार प्रवेश प्रक्रिया जारी है। शैक्षिक सत्र 2025–26 में सेवायोजन हेतु अद्यतन 180 कम्पनियॉ आयी हैं जिनके द्वारा 700 छात्रों को प्लेसमेन्ट दिया गया है। 175 छात्रों को पेड इन्टर्नशिप प्राप्त हुई जिनमें से अधिकतर छात्रों को पी0पी0ओ0 में परिवर्तित होने की आशा है। शोध को बढावा देने हेतु ऐसे नये शिक्षकों को जिनके पास कोई वाह्य फण्डेड प्रोजेक्ट नहीं है को रू0 2.00 लाख की सीड मनी विश्वविद्यालय द्वारा दी गई। विश्वविद्यालय का अष्टम् दीक्षान्त समारोह 10 जुलाई, 2026 को होना निर्धारित है। दीक्षान्त समारोह सम्बन्धी तैयारियॉ चल रही हैं। मुख्य अतिथि के नाम शीघ्र ही मा0 कुलाधिपति के अनुमोदन हेतु प्रेषित किये जायेंगे। विश्वविद्यालय के इस गरिमामय दीक्षान्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार की ओर से आप सभी सम्मानित सदस्य कार्यक्रम की शोभा बढाने हेतु आमंत्रित हैं। विश्वविद्यालय कार्यों में डिजिटलीकरण को बढावा देते हुये विश्वविद्यालय वेबसाइट को शिक्षकों हेतु डायनेमिक कर दिया गया है और शिक्षकों द्वारा प्रयोग में लाया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा नान ई–वेस्ट की नीलामी जेम पोर्टल के माध्यम से गई, जिसका बिड में निर्धारित आरक्षित मूल्य रू0 8,44,322.00 था, किन्तु रू0 10,62,000.00 प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय से नान ई–वेस्ट को सम्बन्धित वेण्डर द्वारा उठाया जा रहा है। विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों के मध्य छात्रों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने हेतु दूसरी बस का क्रय कर लिया गया है और वर्तमान में प्रयोग में लाया जा रहा है। विश्वविद्यालय के एस0ओ0ई0एम0 तथा सी0एस0ई0 विभागों में छात्रों के प्रयोगार्थ कक्षाओं तथा बैडमिन्टन हाल का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसे माह जुलाई 2026 में पूरा करते हुये मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा उद्घाटन किया जायेगा। छात्रों हेतु 01 अदद एवं छात्राओं हेतु 01 अदद छात्रावास का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे माह जुलाई 2026 से छात्र–छात्राओं को आवंटित किया जायेगा। रूसा परियोजना के अन्तर्गत बन रहे इन्क्यूबेशन हब के अधूरे भवन को रूसा से धनराशि अवमुक्त होते ही भवन को पूर्ण किये जाने के कार्यवाही प्रगति पर है जिसे माह जुलाई 2026 में पूरा करते हुये दीक्षान्त समारोह के दौरान मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा उद्घाटन किया जायेगा। एच0बी0टी0यू0 के 1975 बैच के छात्रों द्वारा लान टेनिस कोर्ट का निर्माण कराते हुये प्रयोगार्थ विश्वविद्यालय को प्रदान कर दिया गया है जिसे माह जुलाई 2026 में पूरा करते

हुये दीक्षान्त समारोह के दौरान मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा उद्घाटन किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा 01 टाइप V आवास तथा 6 टाइप IV आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। टाइप V के 01 आवास को माह जुलाई 2026 में पूरा करते हुये दीक्षान्त समारोह के दौरान मा0 कुलाधिपति महोदय द्वारा उद्घाटन किया जायेगा।

मा0 अध्यक्ष कार्यपरिषद एवं मा0 कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या के उपरान्त प्रत्येक कार्यपरिषद बैठक में विश्वविद्यालय के एक विभाग द्वारा उस विभाग में उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रेजेन्टेशन दिये जाने के क्रम में डा0 राम नरेश त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग द्वारा विभाग की प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में विभागीय प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रस्तुतिकरण में गणित विभाग की प्रस्तुत आख्या पर कार्य परिषद् द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए निम्नोक्त सुझाव प्रदान किया गयाः

1. विभाग की पुस्तकालय सुविधा को बढ़ाया जाय।
2. विभाग में शोध गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु सुविधाएं विकसित की जाएं।

मा0 अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा प्रस्तुत प्रगति आख्या एवं गणित विभाग के प्रस्तुतिकरण के उपरान्त 37वीं बैठक के मदों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 37.01 : हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्यपरिषद की दिनांक 30.01.2026 को सम्पन्न 36वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

दिनांक 30.01.2026 को सम्पन्न कार्य परिषद की 36वीं बैठक के कार्यवृत्त को मा0 सदस्यों की टीकाओं हेतु प्रेषित किया गया था। प्रेषित कार्यवृत्त पर किसी भी सदस्य की टीका प्राप्त नहीं हुयी थी। अतः, कार्यपरिषद द्वारा दिनांक 30/01/2026 को सम्पन्न 36वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया गया।

**मद सं0 37.02 :** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्यपरिषद की दिनांक 30.01.2026 को सम्पन्न 36वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

कार्य परिषद ने दिनांक 30.01.2026 को सम्पन्न कार्य परिषद की 36वीं बैठक में लिये गये निर्णयों में कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया और संतुष्टि व्यक्त की गयी।

कार्य परिषद के संज्ञान में लाया गया कि मद संख्या 36.26.01 में श्री जंगबहादुर, चौकीदार की सेवा समाप्ति के विरूद्ध श्री जंगबहादुर द्वारा मा0 उच्च न्यायालय में दायर याचिका में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा विश्वविद्यालय से निर्गत सेवा समाप्ति पत्र को "सेट एसाइड" (set aside) करते हुए पुनः जॉच से संज्ञानित किया गया।

**मद सं0 37.03** **विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 13/02/2026 को सम्पन्न 31वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 13.02.2026 को सम्पन्न 31वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 37.04** **विश्वविद्यालय की विद्यापरिषद की दिनांक 15/05/2026 को सम्पन्न 27वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 15.05.2026 को सम्पन्न 27वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 37.05** **डा0 सौरभ संगल, सहायक कार्यशालाधीक्षक के तकनीकी त्यागपत्र के कम में कृत कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

डा0 सौरभ संगल, सहायक कार्यशालाधीक्षक द्वारा सहायक कार्यशालाधीक्षक के पद से तकनीकी त्यागपत्र दिनांक 31/01/2026 के

क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा कृत कार्यवाही पर कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

साथ ही डा0 सौरभ संगल द्वारा विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजी0 विभाग में कार्यभार ग्रहण करने के फलस्वरूप नियमानुसार इन्हें वेतन संरक्षण का लाभ अनुमन्य करने तथा सहायक कार्यशालाधीक्षक के पद को रिक्त माने जाने पर भी कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 37.06 डा0 कृष्ण कुमार, सह आचार्य, रसायन विभाग के त्यागपत्र के क्रम में कृत कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा डा0 कृष्ण कुमार, सह आचार्य, रसायन विभाग द्वारा सह आचार्य, रसायन विभाग के पद से त्यागपत्र दिनांक 31/01/2026 के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया। चूँकि डा0 कृष्ण कुमार द्वारा विश्वविद्यालय के रसायन विभाग में ही दिनांक 31/01/2026 को आचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है अतः, इनके द्वारा रिक्त पद सह आचार्य, रसायन विभाग को रिक्त माने जाने पर भी कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 37.07 विश्वविद्यालय के कार्यशाला अधीक्षक के पद को "कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम" से आच्छादित करने पर विचार।**

विश्वविद्यालय में कार्यशालाधीक्षक के पद को "कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम" से आच्छादित किये जाने के सम्बन्ध में कार्यपरिषद द्वारा अपेक्षा की गयी कि कार्यशालाधीक्षक के पद हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी शासनादेश में दी गयी व्यवस्था का भी अध्ययन कर लिया जाए तदोपरान्त कार्यपरिषद की आगामी बैठक में सुविचारित प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये।

**मद सं0 37.08** **डा0 बिपिन कुमार त्रिपाठी, आचार्य, कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0 विभाग एवं डा0 मनोज कुमार शुक्ला, आचार्य, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग को उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार क्रमशः राजकीय इंजी0 कालेज, आजमगढ़ एवं राजकीय इंजी0 कालेज, कन्नौज के पद पर कार्य हेतु लियन विस्तार के अनुमोदन पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा डा0 बिपिन कुमार त्रिपाठी को सेवा स्थानान्तरण के आधार पर दिनांक 10/04/2026 से निदेशक के पद पर नियमित चयन/नियुक्ति सम्पन्न होने अथवा अग्रिम आदेशों तक अपनी सेवाएं निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, आजमगढ़ के रूप में देते रहने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

उपरोक्त के साथ ही डा0 मनोज कुमार शुक्ला को दिनांक 27/01/2026 से अपनी सेवाएं निदेशक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के रूप में नियमित निदेशक हेतु चयन प्रक्रिया पूर्ण कर नियुक्ति सम्पन्न होने तक, देते रहने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 37.09** **श्री जय प्रकाश नायक, सहायक आचार्य, सिविल इंजी0 विभाग के सेवा संबंधी प्रकरण पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा श्री जय प्रकाश नायक को सेवा में नियमितीकरण, कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम के अन्तर्गत प्रोन्नति आदि लाभ दिये जाने से पूर्व विधिक राय प्राप्त कर ली जाए और इसे कार्यपरिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए।

**मद संख्या 37.10** **विश्वविद्यालय में संचालित स्वःवित्त पोषित पाठ्यक्रमों हेतु पदों के सृजन पर विचार।**

कार्यपरिषद के सम्मुख प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान करते हुए निम्नोक्तानुसार स्वःवित्तपोषित पाठ्यक्रमों हेतु पद सृजन पर अनुमोदन प्रदान किया गयाः

## स्कूल आफ इन्टरप्रन्योरशिप एण्ड मैनेजमेन्ट
## (मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग)

### Teaching Staff

| Sl | Programme | Professor | Assoc. Professor | Asst. Professor |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BBA | 01 | 02 | 06 |
| 2 | MBA | 03 | 05 | 16 |
| Total | | 4 | 7 | 22 |

### Non Teaching Staff

| Sl. No. | Name of the Post | No. of the Post Sanctioned |
|---|---|---|
| 1 | Accountant | 01 |
| 2 | Typist | 01 |
| 3 | Office Assistant | 02 |
| 4 | Clerks/Comp Operator | 04 |
| 5 | Driver | 01 |
| 6 | Attendant | 04 |
| 7 | Mali | 02 |
| 8 | Sweeper | 02 |
| 9 | Technical Assistant (Comp) | 01 |
| 10 | Libratian | 01 |
| 11 | Book Lifter | 01 |

## स्कूल आफ फार्मास्युटिकल एण्ड बायोलॉजिकल सांइसेज
## (फार्मास्युटिकल सांइसेज विभाग)

### Teaching Staff

| Programme | Professor | Assoc. Professor | Asst. Professor |
|---|---|---|---|
| B. Pharma | 01 | 03 | 11 |

### Non Teaching Staff

| Designation | Post Sanctioned |
|---|---|
| Laboratory Technician | 05 |
| Laboratory Assistants/Attendant | 08 (one per lab) |
| Office Assistant /Cerk | 01 |
| Computer Operator | 01 |
| Store Keeper | 01 |
| Peon | 02 |
| Gardener | 01 |
| Cleaning Personnel | 01 |

## स्कूल आफ फार्मास्युटिकल एण्ड बायोलॉजिकल सांइसेज (बायोटेक्नालॉजी विभाग)

### Teaching Staff

| Sl | Programme | Professor | Assoc. Professor | Asst. Professor |
|---|---|---|---|---|
| 1 | B.Tech Bio Technology | 02 | 05 | 19 |
| 2 | M.Sc. Bio Technology | | | |
| 3 | M.Sc. Bio Chemistry | | | |
| 4 | M.Sc. Forensic Bioanalytic | | | |

### Non Teaching Staff

| Designation | Post Sanctioned |
|---|---|
| Technical Assistant (for the programs at Sl. No. 1,2, &3) | 06 (one per two lab) |
| Technical Assistant (for the program at Sl. No. 4) | 02 (one per two lab) |
| Office Assistant /Cerk | 01 |
| Computer Operator | 01 |
| Peon | 03 |
| Cleaning Personnel | 01 |

## स्कूल आफ इंजीनियरिंग (कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग)

### Teaching Staff

| Sl | Programme | Professor | Assoc. Professor | Asst. Professor |
|---|---|---|---|---|
| 1 | B.Tech CSE (AI & ML) | 01 | 02 | 06 |

### Non Teaching Staff

| Designation | Post Sanctioned |
|---|---|
| Technical Assistant | 01 |
| Computer Operator | 01 |
| Peon | 01 |
| Cleaning Personnel | 01 |

1. लेखाकार 01
2. सहायक लेखाकार 01
3. डाटा एन्ट्री आपरेटर 01

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न स्वःवित्तपोषित पाठ्क्रमों हेतु उपरोक्त पदों का सृजन इस शर्त के साथ किया गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक पाठ्यकम में छात्र संख्या के आधार पर आवश्यकता के अनुसार ही नियुक्तियां की जाएं।

**मद संख्या 37.11** **विश्वविद्यालय में नियत वेतन पर एक चिकित्सक एवं एक clinical psychology विषय का विशेषज्ञ चिकित्सक आवद्ध किये जाने पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रॉगण हेतु एक चिकित्सक नियत वेतन रू0 50000/– प्रतिमाह की दर से आबद्ध करने तथा छात्र–छात्राओं की मानसिक स्वास्थ्य देखभाल हेतु clinical psychology विषय के एक महिला विशेषज्ञ चिकित्सक को भी सप्ताह में दो बिजिट हेतु प्रति बिजिट (न्यूनतम 02 घंटे) रू0 3000/– मानदेय पर आबद्ध किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 37.12** **विश्वविद्यालय में अंशकालिक संकाय, प्रोफेसर एमेरिटस, विजिटिंग प्रोफेसर, प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस और चेयर प्रोफेसर के पदों के सृजन का प्रस्ताव।**

कार्यपरिषद के सम्मुख प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान करते हुए निम्नोक्त पदों को नितान्त अस्थायी आधार पर कार्य की आवश्यकता के परिदृश्य में सृजित किये जाने पर इस शर्त के साथ सहमति व्यक्त की गयी कि इन पर आने वाले वित्तीय व्ययभार को विश्वविद्यालयों की बचतों से वहन किया जायेगाः

1. Adjunct faculty
2. Professor Emeritus
3. Visiting Faculty
4. Professor of Practice
5. Chair Professor

कार्यपरिषद द्वारा यह भी अपेक्षा की गयी कि प्रस्ताव में कार्यपरिषद के सम्मुख प्रस्तुत गाइड लाइन्स को विश्वविद्यालय में नोटीफाइड भी किया जाये।

**मद सं0 37.13** **विभिन्न पदो के वर्गीकरण हेतु कार्मिक अनुभाग–1 द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप संख्या 15/140/81/का–1–2012 दिनांक 14 मई, 2012 को विश्वविद्यालय में अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विभिन्न वेतनक्रमों में स्वीकृत पदो के वर्गीकरण हेतु उत्तर प्रदेश शासन के कार्मिक अनुभाग–1 द्वारा शासनादेश संख्या

15/140/81/का–1–2012 दिनांक 14 मई, 2012 को विश्वविद्यालय में अंगीकृत किये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव पर निर्देश प्रदान किये गये कि दिनांक 04/12/2025 को सम्पन्न कार्यपरिषद की 35वीं बैठक के मद संख्या 35.11.1 के अन्तर्गत हुए निर्णय के अनुरूप कार्यवाही की जाये और प्रकरण को उत्तर प्रदेश शासन को सन्दर्भित कर दिया जाए।

**मद सं0 37.14** **विश्वविद्यालय में अतिथि व्याख्याताओं को आवद्ध किये जाने हेतु मानदेय बढ़ाये जाने एवं कान्ट्रेक्चुअल फैकल्टी पदनामित किये जाने पर विचार ।**

कार्यपरिषद द्वारा आगामी शैक्षिक सत्र 2026–27 से विश्वविद्यालय में अतिथि व्याख्याताओं को कान्ट्रेक्चुअल फैकल्टी पदनामित करते हुए रू0 57700/– प्रतिमाह मानदेय पर एक वर्ष हेतु (जो कि संतोषजनक कार्य के आधार पर 03 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है) आवद्ध किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 37.15** **विश्वविद्यालय के संशोधित Research Excellence Award (Revised Policy – 2026) के अनुमोदन पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा संशोधित Research Excellence Award Policy–2026 पर निम्नोक्त संशोधनों के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया:

प्रस्तर 3 के अन्तर्गत Eligibility Criteria के उप प्रस्तर 4 को निम्न से प्रतिस्थापित किया जाये:

Candidates securing minimum 80 marks will receive a cash prize of Rs. 25,000/-, while for every subsequent increase of 10 marks, as Rs. 10,000/- will be awarded accordingly.

प्रस्तर 4 के अन्तर्गत प्रथम वाक्य को निम्नोक्त से प्रतिस्थापित किया जाये:

Application shall be invited annually by the Research and Development (R&D) Cell for the period from 01st July to 30th June each year.

कार्यपरिषद द्वारा अपेक्षा की गयी कि उपरोक्त संशोधनों के साथ विश्वविद्यालय की संशोधित Research Excellence Award Policy–2026 को विश्वविद्यालय में नोटीफाइड कर दिया जाये।

**मद सं0 37.16** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**मद सं0 37.16.1** **विश्वविद्यालय (तत्कालीन हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी संस्थान) द्वारा विभिन्न संस्थाओं को लीज पर उपलब्ध करायी गयी भूमि को बापस प्राप्त किये जाने की कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा प्रकरण में विश्वविद्यालय द्वारा कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया और निर्देश प्रदान किये गये कि बापस प्राप्त की गयी भूमि पर शीघ्र ही पठन–पाठन एवं शोध सुविधाएं विकसित की जायें।

**मद सं0 37.16.2** **विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित स्कूल ऑफ इन्टरप्रन्योरशिप एण्ड मैनेजमेन्ट (SOEM) में कार्यरत शिक्षकों को सप्तम वेतन आयोग की संस्तुतियां लागू किये जाने पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा स्कूल आफ इन्टरप्रन्योरशिप एण्ड मैनेजमेन्ट के डिपार्टमेन्ट आफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में कार्यरत शिक्षकों हेतु सप्तम वेतन आयोग की संस्तुतियां लागू किये जाने पर सैद्वान्तिक सहमति व्यक्त की गयी और अपेक्षा की गयी कि सप्तम वेतन आयोग की संस्तुतियों को लागू किये जाने के फलस्वरूप वेतन निर्धारण की सम्पूर्ण रूपरेखा बना कर प्रस्ताव को पुनः विचारार्थ आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुयी।

**(अमित कुमार राठौर)**
सदस्य–सचिव

**कार्यालय –कुलसचिव**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय**
**कानपुर– 208002**

संख्याः 242/अदम/ओटीटीएससी/कार्यपरि0–37वीं कार्यवृत्त/2026 दिनांकः 03/06/2026

प्रतिलिपिः विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद के संज्ञानार्थ।

सदस्य–सचिव